# लोकायुक्त की टीम ने दो रिश्वतखोरों को दबोचा

**अलग-अलग कार्यवाही में बाबू और एएसआई रिश्वत लेते गिरफ्तार**

**सिवनी नवभारत।** जबलपुर लोकायुक्त संगठन ने बुधवार को सिवनी जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में एक सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी और एक कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। दोनों कार्रवाई एक ही दिन होने से प्रशासनिक और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन 2018) की धारा 7, 13(1)(बी) एवं 13(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। लोकायुक्त पुलिस महानिदेशक योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई संबंधी निर्देश एवं पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज सिंह के मार्गदर्शन में जबलपुर लोकायुक्त इकाई द्वारा यह ट्रैप कार्रवाई की गई।



### 14 माह के जीवन निर्वाह भत्ते के लिए मांगी रिश्वत

पहली कार्रवाई विकासखंड अधिकारी कार्यालय धनौरा में की गई, जहां पदस्थ सहायक ग्रेड-3 अरुण कुमार कुमरे को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया।

लोकायुक्त के अनुसार शिकायतकर्ता देवेंद्र कुमार सिरसाम पिता लखनलाल सिरसाम, उम्र 43 वर्ष, निवासी ग्राम छुई, तहसील एवं जिला सिवनी, वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुनवारा, विकासखंड धनौरा में भृत्य पद पर पदस्थ हैं। इससे पूर्व वह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीमगढ़, विकासखंड छपारा में पदस्थ थे, जहां उन्हें निलंबित कर दिया गया था। बाद में बहाली के उपरांत उनकी वर्तमान पदस्थापना की गई।

शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक जबलपुर को बताया कि 14 माह की निलंबन अवधि के जीवन निर्वाह भत्ते की लगभग 1 लाख 65 हजार रुपए की राशि निकालने के लिए उन्हें विकासखंड अधिकारी कार्यालय धनौरा में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 अरुण कुमार कुमरे से संपर्क करना पड़ा। आरोप है कि आरोपी कर्मचारी द्वारा राशि जारी कराने के एवज में 32 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी।

## सही रिपोर्ट लगाने के नाम पर मांगे 30 हजार

**सिवनी नवभारत।** एक अन्य कार्रवाई थाना कोतवाली सिवनी से जुड़े मामले में की गई। यहां पदस्थ कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक दिनेश रघुवंशी को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। शिकायतकर्ता नंदकिशोर चौरसिया पिता चंदनलाल चौरसिया, उम्र 54 वर्ष, निवासी ग्राम छितापार, थाना कुरई, जिला सिवनी ने लोकायुक्त को शिकायत में बताया कि उनके बेटे अभिषेक चौरसिया को नौकरी दिलाने एवं सरकारी विभाग में गाड़ी लगाने का झांसा देकर ठगी की गई थी। इस मामले में उन्होंने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज की गई। मामले की जांच कर रहे कार्यवाहक एएसआई दिनेश रघुवंशी द्वारा शिकायतकर्ता से सही रिपोर्ट तैयार करने एवं फर्जी हस्ताक्षर की जांच कराने के एवज में 30 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायतकर्ता द्वारा बातचीत करने पर आरोपी 20 हजार रुपए लेने के लिए तैयार हो गया। लोकायुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से बुधवार 13 मई 2026 को बस स्टैंड स्थित



एक चाय दुकान पर ट्रैप कार्रवाई की, जहां आरोपी दिनेश रघुवंशी को शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में दल प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक नीतू त्रिपाठी, निरीक्षक शशिकला मस्कुले, निरीक्षक राहुल गजभिए, उप निरीक्षक शिशिर पांडेय सहित लोकायुक्त जबलपुर का दल शामिल रहा।

### विकासखंड अधिकारी कार्यालय धनौरा में हुई कार्यवाही

लोकायुक्त टीम द्वारा शिकायत का सत्यापन कराया गया, जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। सत्यापन के दौरान आरोपी 25 हजार रुपए लेने पर तैयार हो गया। योजनाबद्ध कार्रवाई के तहत बुधवार 13 मई 2026 को लोकायुक्त टीम ने विकासखंड अधिकारी कार्यालय धनौरा पहुंचकर आरोपी को शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इस कार्रवाई में टीएलओ निरीक्षक जितेंद्र यादव, निरीक्षक बृजमोहन नरवरिया एवं लोकायुक्त जबलपुर की टीम शामिल रही।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा गरीबों का निवाला

## बुढवानी में राशन वितरण में बड़ी धांधली का आरोप

**लखनादौन नवभारत।** एक ओर सरकार गरीबों को भरपेट भोजन सुनिश्चित करने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर लखनादौन के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बुढवानी में गरीबों के हक पर डाका डालने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार 10 मई को राशन दुकान पर वितरण के दौरान सेल्समैन मोनिका गोल्हानी और इंद्र कुमार मोदी द्वारा प्रत्येक राशन कार्ड पर 2 किलो अनाज कम दिया गया।

### लाखों के गबन की आशंका

ग्रामीणों का आरोप है कि यदि सभी कार्ड धारकों के राशन की कटौती का हिसाब लगाया जाए, तो यह राशि लाखों में बैठती है। इस खुली लूट से गरीब जनता में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने सीधे तौर पर सोसाइटी समिति प्रबंधक तुलसीराम डेहरिया पर आरोप लगाया है कि उन्हीं के संरक्षण में यह भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है।

हैरानी की बात यह है कि प्रबंधक तुलसीराम डेहरिया का



विवादों से पुराना नाता रहा है। वे पहले से ही बहुचर्चित मूंग घोटाले में लिप्त हैं, जिसकी जांच वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद, अब राशन वितरण में हो रही इस नई धांधली ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

### कलेक्टर से न्याय की गुहार

भ्रष्टाचार से त्रस्त ग्राम पंचायत बुढवानी की जनता ने अब माननीय कलेक्टर (सिवनी) से न्याय की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर ऐसे भ्रष्टाचारियों को लगातार संरक्षण मिलता रहेगा, तो उनके हौसले बुलंद होते रहेंगे और गरीब जनता के हक का अनाज इसी तरह डकारा जाता रहेगा ग्राम वासियों ने बताया की 2 किलो अनाज कम यह कह कर दिया जा रहा है कि ऊपर से ही स्टाक काम आ रहा है।

## एक नजर में

### आशीष मिश्रा को कांग्रेस नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी



**घंसौर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी भोपाल एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुमोदना, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नरेश मरावी की अनुशंसा तथा लखनादौन विधायक योगेंद्र सिंह बाबा की सहमति से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घंसौर के नगर अध्यक्ष पद की घोषणा की गई। पूर्व उपसरपंच ग्राम पंचायत घंसौर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मंडलम अध्यक्ष रह चुके कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता पंडित आशीष मिश्रा को घंसौर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पंडित आशीष मिश्रा लंबे समय से कांग्रेस परिवार से जुड़े हुए हैं और संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। सांसद, विधायक एवं पंचायत चुनावों में उन्होंने कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य किया है। कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संगठन को मजबूती प्रदान करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जैसे ही कार्यकर्ताओं को पंडित आशीष मिश्रा के नगर अध्यक्ष बनाए जाने की सूचना मिली घंसौर सहित आसपास के गांवों और ब्लॉकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच खुशी की लहर दौड़ गई।

### दिया जा रहा सुरक्षा गार्ड का प्रशिक्षण



**सिवनी।** जिला सहकारी बैंक की अमानत शाखा प्रबंधक श्रीमती बीणा चौरसिया एवं शिखा श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षण देने आए विद्यार्थियों को बताया गया कि बैंक में सुरक्षा गार्ड को विशेष रूप से इस बात का ध्यान रखना पड़ता है कि बैंक में आने वाले ग्राहकों पर निगरानी रखनी पड़ती है। इस अवसर पर कुशल मार्गदर्शक द्वारका प्रसाद शिववेदी की उपस्थिति में सभी छात्रों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया इस दौरान यह भी बताया गया कि बैंक में आने वाले लोगों के द्वारा लेनदेन के दौरान कहीं कोई हथियार लेकर तो नहीं जा रहा है इस बात का भी विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है यह कार्य सुरक्षा कर्मी अथवा कार्ड अच्छी तरह कर सकते हैं एवं अपने द्वारा दी जाने वाली सर्विस के माध्यम से योग्य सुरक्षा कर भी बन सकते हैं।

### स्व. ठाकुर हरवंश सिंह पुण्यतिथि पर दी जाएगी श्रद्धांजलि

**सिवनी।** विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष, पूर्व त्रि-विभागीय मंत्री, प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायत राज के प्रेरणा श्रोत, जिले में जलावर्धन योजना के सूत्रधार जिले के सर्वमान्य कांग्रेस नेता जन जन के प्रिय स्वर्गीय ठाकुर हरवंश सिंह जी की 13 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक 14 मई 2026, दिन गुरुवार को प्रातः 11 बजे, कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी इंदिरा भवन सिवनी में स्वर्गीय श्री ठाकुर हरवंश सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। तत्पश्चात जिला युवा कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा वृद्धा आश्रम पहुंचकर वृद्ध जन को फल वितरण कर उनके व्यक्तित्व को याद किया जाएगा।

## भीषण सड़क हादसा : शादी समारोह से लौट रही महिला को ट्राला ने रौंदा, दर्दनाक मौत

**कान्हीवाड़ा नवभारत।** कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उत्सव पैलेस के सामने बुधवार को एक रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा सामने आया है। एक तेज रफ्तार ओवरलोड ट्राला ने स्कूटी सवार महिला को बेरहमी से कुचल दिया, जिससे महिला की मौके पर ही हृदयविदारक मौत हो गई। हादसे में स्कूटी पर सवार एक अन्य परिजन गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मटिया टोला निवासी अनुसुइया उईके अपने एक परिजन के साथ स्कूटी पर सवार होकर एक शादी समारोह से वापस लौट रही थीं। जैसे ही वे कान्हीवाड़ा स्थित उत्सव पैलेस के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे



एक पाइप से लदे ओवरलोड 6 चक्का ट्राला ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्राला की रफ्तार इतनी तेज थी कि उसके सभी छह टायर महिला के शरीर के ऊपर से गुजर गए। दुर्घटना में स्कूटी सवार दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पाइप से लदे उक्त ट्राला को जब्त कर लिया है और चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## राज्यमंत्री पदमश्री मोहन नागर ने बैनगंगा उद्गम स्थल मुंडारा में किया जलसंवाद

**सिवनी नवभारत।** आज 13 मई को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर द्वारा ब्लॉक कुरई के मुंडारा के बैनगंगा उदगम स्थल पर जल संवाद किया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आज ब्लॉक कुरई के नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों के साथ यह संवाद मोहन नागर जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में आदरणीय मोहन नागर द्वारा मां बैनगंगा के तट पर पूजन अर्चन वंदन किया गया।

जलसंवाद कार्यक्रम की शुरुआत में मंचासीन अतिथियों का स्वागत नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समितियों के द्वारा किया गया। जल संवाद कार्यक्रम को



संबोधित करते हुवे कमल मर्सकोल क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि जन अभियान परिषद के कार्य सराहनीय है आज जरूरत है कि हमें जल को बचाने की नितांत आवश्यकता है इसके लिए सामाजिक जागरूकता का कार्य नवांकुर संस्थाएं अपने अभियान के माध्यम से कर रही है साथ ही शासन स्तर पर भी प्रयास किए जा रहे है। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे मोहन नागर ने विशेष तौर पर जल संरक्षण ,जलसंवर्धन एवं पेड़ पौधे लगाने एवं जैविक खेती पर जोर दिया। मोहन नागर जी द्वारा मुंडारा बैनगंगा में आयोजित जल संवाद कार्यक्रम जल संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और समाज की भागीदारी को समर्पित एक प्रेरणादायक उदबोधन दिया । कार्यक्रम में जल संकट, वर्षा जल संचयन, नदियों के संरक्षण तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जल बचाने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। मोहन नागर द्वारा मुंडारा बैनगंगा में आयोजित जल संवाद कार्यक्रम जल संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और समाज की भागीदारी को समर्पित एक प्रेरणादायक पहल रही। कार्यक्रम में जल संकट, वर्षा जल संचयन, नदियों के संरक्षण तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जल बचाने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर प्रशांत उइके एसडीएम कुरई,मंजू भारती सीईओ कुरई,तहसील दार कुरई श्री परतेती एवं विशिष्ट अतिथि सौरभ शुक्ला जिला समन्वयक जन अभियान परिषद एवं ब्लॉक समन्वयक कुलदीप ठाकुर का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मोहन नागर को ब्लॉक कुरई के पचधार में बनी मिट्टी के उपहार एवं ब्लॉक कुरई के सुप्रसिद्ध जीरा शंकर चावल उपहार में दिया गया।

## विधायक कमल मर्सकोले के जन्मदिवस पर फल वितरण कार्यक्रम

**बरघाट नवभारत।** बरघाट विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमल मर्सकोले के 11 मई जन्म दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल बरघाट में मनोहर धानेश्वर (विधायक प्रतिनिधि) के द्वारा फल वितरण का कार्यक्रम सुबह 11.30 किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष ईमरता साहू, उपाध्यक्ष ममता पाठक, मंडल अध्यक्ष हेमंत रंहागडाले, वरिष्ठ भाजपा नेता मानसिंह नागवंशी, सुजीत सिंह सूर्यवंशी (नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि), असंत उईके (पार्षद) पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर (मनोनीत पार्षद), अनिल पाठक जिला चिकित्सालय सांसद प्रतिनिधि, विकास जैन



(सांसद प्रतिनिधि सिविल अस्पताल), अंशुल रंहागडाले (सांसद प्रतिनिधि नगर परिषद), जितेंद्र टेमरे (पूर्व पार्षद), राजेश साहू (जिला कोषाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा),सत्यांश भट्ट (विधायक प्रतिनिधि आईटीआई) दामोदर तुरकर (विधायक प्रतिनिधि सहकारिता विभाग), प्रदीप ठाकुर (मनोनीत पार्षद), मनीष चौधरी, योजित चौहान सहित ज्येष्ठ श्रेष्ट कार्यकर्ताओं की फल वितरण कार्यक्रम में उपस्थिति रही। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी उषा श्री पांडे एवं समस्त अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहा।

## गायत्री परिवार केवलारी का रेलवे स्टेशन पर प्याऊ का शुभारंभ


**केवलारी नवभारत।** गायत्री परिवार केवलारी एवं कामधेनु गौशाला बगलई के संयुक्त तत्वावधान में केवलारी रेलवे स्टेशन पर निःशुल्क प्याऊ का भव्य शुभारंभ हुआ। इस पुनीत कार्य की शुरुआत परमपूज्य गुरूदेव, वंदनीय माता जी एवं गायत्री माता के स्मरण के साथ की गई। रेलवे स्टाफ के वरिष्ठ अधिकारियों, स्थानीय स्टेशन मास्टर सहित समस्त स्टाफ, रेल यात्रियों एवं गायत्री परिवार के समर्पित स्वयंसेवकों ने एक-दूसरे एवं उपस्थित यात्रियों को शीतल जल पिलाकर इस सेवा का श्रीगणेश किया। गर्मी से बेहाल यात्रियों के चेहरों पर ठंडा पानी पीते ही मुस्कान लौट आई। जिन यात्रियों के पास पानी की बोतल नहीं थी, उन्हें स्वयंसेवकों ने ठंडे जल से भरी बोतलें भेंट कीं। हमारे सेवा-योद्धा प्लेटफॉर्म पर ही नहीं रुके, ट्रेन के पास जाकर भी यात्रियों को जल पिलाया। इस दौरान



मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सुरेन्द्र छोटू साहू, सहायक प्रबंध ट्रष्टि अमरचंद साहू एवं गौशाला के संरक्षक सचिव जैन (पप्पू भैया) अध्यक्ष राजेश सिंह बघेल समस्त समिति, समस्त ट्रस्ट मंडल ने सभी स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाया और अभिनंदन किया। इस अवसर पर रेलवे छिंदवाड़ा डिवीजन के अधिकारी, स्टेशन स्टाफ तथा गायत्री परिवार से किशोर चौधरी, गणेश पंचेश्वर, जितेंद्र क्षीरसागर, राजेश लोधी की उपस्थिति रही।

### नगरपालिका मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आज

**सिवनी नवभारत।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा नगरपालिकाओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 हेतु मतदाता सूची तैयार करने का कार्यक्रम जारी किया गया है। कार्यक्रम के अनुसार प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 15 मई 2026 को तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 18 जून 2026 को किया जाएगा। इसी क्रम में नगरपालिका परिषद सिवनी की फोटोयुक्त मतदाता सूची से संबंधित स्टैंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन 14 मई 2026 को शाम 4:00 बजे कार्यालय कलेक्टर सिवनी के सभाकक्ष में किया जाएगा।




**जन्मदिन विशेष** | डॉ. ढालसिंह बिसेन के 74 वें जन्मदिवस पर पत्रकार संजय सिंह का विशेष आलेख

# डॉ. ढालसिंह बिसेन से लोगों का सीधा जुड़ाव ही उन्हें बनाये हुये है लोकप्रिय

**सिवनी नवभारत।** प्रदेश की राजधानी भोपाल से लेकर देश की राजधानी दिल्ली तक आम लोगो की आवाज बुलंद करने वाले पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद डां. ढालसिंह बिसेन ने राजनीति के पाँच दशक पूर्ण कर लिये है । अब उनका छठवां दशक प्रारंभ है राजनीति के इस लंबे सफर में कई उतार चढ़ाव आये किंतु आम लोगो से उनका जुड़ाव सतत बना रहा और आज भी बना है । यह आम लोगों का जुड़ाव ही है कि वे कोई पद पर हो या न हो लोग अपनी समास्याओं के समाधान का विश्वास लेकर बेधक उनके पास चले जाते है । स्वाभाव में शालीनता ऐसी है कि वे संबंधित के दुख दर्द को केवल सुनते ही नहीं बल्कि उसके निवारण का भी प्रयास करते है । डां. बिसेन का यही स्वाभाव उन्हें आम जनता में लोकप्रिय बनाये हुये है । कई विभागो के मंत्री, वित्त आयोग के अध्यक्ष और सांसद जैसे पदों पर रहते हुये अपने दायित्वों का कुशल निर्वाहन करने वाले डां. बिसेन आज की स्थिती में पदों से काफी ऊपर हो गये है।

सरल, सौम्य और सुलझे हुए व्यक्तित्व के धनी म.प्र.शासन के पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन का आज 74 वां जन्मदिन है। डॉ. बिसेन का जन्म 14 मई 1952 को कल्चुरी राजाओं द्वारा बनाये गये ऐतिहासिक मंदिरों के ग्राम आष्टा से लगे एक छोटे से गांव पिपरिया में प्रतिष्ठित किसान स्व. सेवकराम जी बिसेन एवं स्व.श्रीमती सोनाबाई बिसेन के यहां हुआ। करीब 22 साल की उम्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रभावित होकर उन्होंने भारतीय जनसंघ (वर्तमान में भाजपा) से अपनी राजनीति की शुरूआत की थी। डॉ. बिसेन की चुनावी यात्रा की शुरूआत वर्ष 1976 में पंच के चुनाव से हुई और इसके 14 वर्ष बाद वर्ष 1990 में बरघाट विधानसभा का चुनाव जीतकर प्रदेश की राजनीति में पदार्पण किया। बरघाट विधानसभा से लगातार चार बार विधायक चुने गये। परिसीमन के कारण बरघाट विधानसभा क्षेत्र आरक्षित हो गया जिसके कारण पार्टी द्वारा उन्हें वर्ष 2008 एवं वर्ष 2013 में केवलारी विधानसभा से टिकिट दी गई किंतु दोनों बार जीत संभव नहीं हो सकी। पार्टी द्वारा उनकी योग्यता और अनुभव का उपयोग वर्ष 2019 में सिवनी बालाघाट संसदीय क्षेत्र की टिकिट देकर किया गया। इस लोकसभा चुनाव में दो लाख से भी अधिक मतों से चुनाव जीतकर उन्होंने इतिहास रच दिया।

डॉ. बिसेन का राजनैतिक सफर काफी लम्बा है। राजनीति के बारे में आम लोगों की यही धारणा होती है कि यह कोयला की कोठरी की भांति होती है, इससे निकलने वाला कुछ न कुछ कालिख लेकर ही बाहर



आता है। शुचिता की राजनीति को अपना ध्येय बनाकर चलने के कारण ही इतने लम्बे राजनैतिक जीवन में उमा जी की सरकार से लेकर बाबूलाल जी गौर की सरकार में वन, परिवहन, खनिज सहित विभिन्न विभाग के मंत्री और शिवराज सरकार में म.प्र.वित्त आयोग के अध्यक्ष रहने के बावजूद उन पर भ्रष्टाचार का दाग तो दूर एक छींटा भी नहीं लगा। विधायक और सांसद का भी कार्यकाल बेदाग रहा। वन मंत्री रहते हुए उनके द्वारा बनाई गई हरा पत्ता (तेंदूपत्ता) नीति का परिणाम आज सबके सामने है। इस नीति का अनुसरण बाद में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक सहित कई प्रदेशों ने किया। इसी तरह शिक्षा मंत्री रहते हुए उन्होंने बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने कन्या सायकिल योजना और यूनिफार्म योजना बनाई जो आज भी भाजपा सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल है।

जीवन के हर एक मुकाम पर संघर्षशील एवं संवेदनशीलता का परिचय देने वाले डॉ. बिसेन को विकास पुरूष कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी। उन्होंने अपने चार टर्म के विधायक कार्यकाल के दौरान अपनी विधानसभा के लोगों की जरूरतों को जाना और वहां की भौगोलिक परिस्थितियों को समझा और उसके अनुरूप विकास का खांका खींचा।

डॉ. बिसेन की दूरर्शिता का ही परिणाम है अक्सर सूखाग्रस्त घोषित रहने वाला समूचा बरघाट ब्लॉक आज धान के अलावा अन्य फसलों का लाभ लेकर फल फूल रहा है। कांचना मंडी जलाशय भी डॉ. बिसेन के सोच का नतीजा है जिससे साढ़े तीन हजार हेक्टेयर जमीन सिंचित करने का लक्ष्य के अलावा बरघाट नगर के लिए जलावर्धन योजना के माध्यम से जल संकट का हमेशा के लिए दूर होना हैं।

आज भले ही डॉ. बिसेन किसी पद पर नहीं है किन्तु राजनीति में सक्रिय तौर से बने हुए है। अपने सांसद के कार्यकाल में उन्होंने अधोसंरचना विकास के सिवनी एवं बालाघाट जिले में जो भी काम स्वीकृत कराये थे उन्हें शुरू कराने एवं जो कार्य बजट के या किसी कारणवश पूरे नहीं हो पाये उन्हें पूरा कराने के लिए सतत प्रयासरत है। डॉ. बिसेन का मानना है कि जिस जनता ने उन्हें अपना स्नेह दिया उन पर विश्वास किया तब उनका भी दायित्व बनता है कि वे जन भावनाओं को शिरोधार्य करें और विश्वास पर खरे उतरे। उनका यह भी मानना है कि विकास के लिए किसी पद की नहीं बल्कि सामर्थ्य और योग्यता की जरूरत होती है।

### पासपोर्ट कार्यालय, सेंट्रल स्कूल एवं एफएम की उपलब्धि

सिवनी जिलेवासियों को पासपोर्ट बनवाने के लिये भोपाल के चक्कर लगाना पड़ता था समय भी नष्ट होता था और रूपया भी । वर्ष 2019 में सांसद बनने के बाद डां. बिसेन ने सिवनी मुख्यालय मे पासपोर्ट कार्यालय खुलवाने का प्रयास शुरू कर दिया । नीतिगत निर्णय अनुरूप एक संसदीय क्षेत्र मे एक ही पासपोर्ट कार्यालय खुल सकता था । यहां डॉ. बिसेन के अनुभव और लगन का ही कमाल है कि आज जिले मे पासपोर्ट कार्यालय है और भोपाल की भाग-दौड़ से जिलवासियों को मुक्ति मिल गई है । जिले में मात्र दो सिवनी एवं लखनादौन में सेन्ट्रल स्कूल है । जिले की जनसंख्या और भौगोलिक स्थिती के हिसाब से चार सेन्ट्रल स्कूल होना चाहिये थे । डां. बिसेन ने इस जरूरत को महसूस किया और प्रयास कर बरघाट के ग्राम जैवनारा में सेन्ट्रल स्कूल की स्वीकृति दिला दी थी । यह कार्य प्रक्रियाधीन है । बालाघाट जिले के तिरोड़ी मे एक एक सेन्ट्रल स्कूल भी उन्होंने ही स्वीकृत कराया था ।

### शिवाक्ष शुक्ला का सुयश



**सिवनी।** पत्रकार प्रशांत शुक्ला और शिक्षिका सुधा शुक्ला के सुपुत्र शिवाक्ष शुक्ला ने 12वीं कॉमर्स में 96.4 प्रतिशत अंक अर्जित किए है । शिवाक्ष पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिवनी के छात्र हैं और पूर्व में भी शिवाक्ष कौन बनेगा करोड़पति में 12 लाख रुपए की राशि भी अर्जित कर जिले को गौरवान्वित कर चुके हैं ।

